



## एक नजर में

### 545 करोड़ का बजट सिर्फ आंकड़ों का मायाजाल है, धरातल पर कुछ नहीं : ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भाचावत

**मंदसौर।** मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस की अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने बताया कि मंदसौर नगर पालिका परिषद का 545 करोड़ रूपये का बजट सिर्फ आंकड़ो का मायाजाल है। धरातल पर कुछ नहीं। मंदसौर की जनता को अच्छी सडके तक नगर पालिका मुहैया नहीं करा पा रही है। पेयजल की सप्लाय दो दिन में कि जाती है जबकि कर पूरे महिने का वसूल किया जाता है। कई क्षेत्रों की स्ट्रीट लाईटे कई - कई दिनों तब बंद रहती है जिसकी सुधे लेने वाला कोई नहीं होता है। मूल भूत सुविधाओं में आने वाले सडक, पानी, बिजली को भी मंदसौर नगर पालिका मंदसौर की जनता को अच्छे से नहीं देने पा रही है और बात करती है 545 करोड रूपये के बजट कि यह बजट का आंकड़ा सिर्फ कागजी है इससे ज्यादा और कु छ नहीं। सुश्री भाचावत ने बताया कि आज मंदसौर की जनता को एक अच्छे एवं सुव्यवस्थित पिकनिक स्पॉट की कमी खलती है। तैलिया तालाब पर लगे झूले चकरी भी जीर्ण झीर्ण हो चुके है उन्हें भी नहीं सुधारा जा रहा है और बात 545 करोड की होती है। बजट में जेसीबी के लिए किराये की जितनी राशि खर्च कि गई उतने में तो जेसीबी मशीन खरीदी जा सकती थी। शहर विकास को लेकर बात सिर्फ कागजों में की गई है आज भी कई कॉलोनी के रहवासी मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जितना कर आमजनता से वसूल किया जा रहा है उतनी सुविधाएं जनता को नहीं दी जा रही है। बच्चों के लिए अप्पू घर अब एक सपना बन चुका है। आय के साधन नगर पालिका बढ़ा नहीं रही है। जो आय होती है उसकी 60 से 70 प्रतिशत राशि तो वेतन में खर्च हो जाती है। आमदानी इतनी है नहीं और बजट 545 करोड का पेश कर दिया आंकडो की जादूगरी तो कोई भाजपा से सीखें लेकिन अब जनता सब समझ चुकी है।

### आरओवॉटर एसोसिएशन का गठन

**मंदसौर।** शहर के निवासियों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मंदसौर आर.ओ. वॉटर एसोसिएशन का औपचारिक गठन किया गया है। रविवार को एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से संस्था की रूपरेखा तैयार की गई। एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष तेजपाल जी चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को और अधिक बेहतरीन और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि काफी लंबे समय के अंतराल के बाद पानी की प्रति केन की दरों में कुछ वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी अरुण शर्मा, प्रेम कोठारी, आशीष मित्तल, पीयूष जैन, वैभव जैन भी मौजूद थे। संस्था के पदाधिकारियों का कहना है कि लागत में वृद्धि और आधुनिक शुद्धिकरण तकनीकों को बनाए रखने के लिए यह मूल्य वृद्धि आवश्यक थी। पत्र के माध्यम से एसोसिएशन ने मंदसौर के सभी सम्मानित ग्राहकों को सूचित किया है कि यह वृद्धि केवल ग्राहकों को बेहतर सुविधा और शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है।

### नगर परिषद की बैठक में 2026-27 का बजट सर्वसम्मति से पारित, 47 नामांतरण प्रकरणों को मंजूरी

**पिपलियामण्डी।** नगर परिषद के सभाकक्ष में आयोजित साधारण सम्मेलन में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष इंदिरा सुनील देवरिया ने की। प्रभारी लेखापाल महावीर जैन ने वर्ष 2026-27 का आय-व्यय बजट प्रस्तुत किया। बजट में नगर के समग्र विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। विस्तृत चर्चा के बाद परिषद के सभी सदस्यों ने एकमत से बजट को स्वीकृति प्रदान की। इसके अलावा बैठक में कुल 47 नामांतरण प्रकरणों पर विचार-विमर्श किया गया। परिषद ने सभी प्रकरणों को सर्वानुमति से मंजूरी दे दी। सीएमओ प्रवीण सेन ने बताया बैठक की विशेष उपलब्धि यह रही कि परिषद ने आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए किसी भी प्रकार के कर में वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया। साथ ही कोई नया कर लागू नहीं किया गया, जिससे नगरवासियों को आर्थिक राहत मिलेगी। नगर परिषद के इस निर्णय को शहर के विकास और जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# गरोठ नगर परिषद का बजट पारित

**गरोठ। नगर परिषद् गरोठ के सभाकक्ष में परिषद् का साधारण सम्मेलन अध्यक्ष राजेश सेठिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में वर्ष 2026-27 के बजट पत्रक को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। प्रस्तुत बजट में अनुमानित आय 51 करोड़ 1 लाख 87 हजार 550 रुपये तथा अनुमानित व्यय 51 करोड़ 98 हजार 194 रुपये निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही 25 लाख 50 हजार 937 रुपये की संचित निधि एवं 89 हजार 366 रुपये की बचत दर्शाई गई है।**



बैठक में नगर विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर उन्हें सर्वानुमति से मंजूरी दी गई। प्रमुख निर्णयों में नवीन बस स्टेण्ड स्थित जर्जर यात्री प्रतीक्षालय के स्थान पर डीपीआर तैयार कर शॉपिंग कॉम्पलेक्स सहित नए प्रतीक्षालय का निर्माण, विद्युत शाखा हेतु 9 मीटर जीआई पोल एवं 120 वॉट एलईडी लाइट की खरीदी, निकाय की दुकानों की छत नीलामी, तथा हस्यस्त्रष्ठ्ट के बिलों के भुगतान को स्वीकृति शामिल है।

इसके अलावा नवीन बस स्टेण्ड की दुकानों की ई-नीलामी दरों की पुष्टि, श्रीनाथ होटल के सामने स्थित निकाय भूमि पर भूखंड नीलामी, प्रधानमंत्री आवास 2.0 (एएचपी) योजना हेतु पुराने जनपद कार्यालय भवन के आवंटन, तथा सरदार पटेल चौराहे से मोबाइल मार्केट होते हुए बस स्टेण्ड तक सड़क निर्माण एमपीआरडीसी से कराने का निर्णय लिया गया।

स्वच्छता एवं आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए ट्रॉमल मशीन खरीदी, लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट (एसटीपी) की डीपीआर स्वीकृति, जलप्रदाय एवं स्वच्छता शाखा के लिए सामग्री क्रय, तथा शहर में विभिन्न स्थानों पर विद्युतीकरण कार्यों को भी मंजूरी दी गई। नगर के मुख्य मार्गों पर स्वागत द्वार स्थापित करने, आउटसोर्स श्रमिक रखने, बाजार बैठक एवं अस्थाई स्टेण्ड के ठेके नीलामी, तथा पुरानी कृषि उपज मंडी एवं अन्य स्थानों पर नाला निर्माण कार्य कराने के प्रस्ताव भी पारित हुए।

सम्मेलन में एसडीआरएफ/एसडीएमएफ योजना अंतर्गत नाला निर्माण के लिए शासन से राशि स्वीकृत कराने का निर्णय भी लिया गया।

बैठक में उपाध्यक्ष महेश मालवीय, पार्षद सरोज शर्मा, राजू मगर, अर्जुन बागरी, श्रीमती रेखा गोस्वामी, सतीश गुजराती, राजेश चौधरी, कैलाशीबाई ननेरा, गीताबाई परिहार, ललित चंदेल, संगीता चंदेल, संगीता जादौन सहित मुख्य नगरपालिका अधिकारी गिरिश शर्मा, उपयंत्री राहुल गणावा एवं नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे।



# कई गांवों में प्याऊ का शुभारंभ

**मंदसौर। भीषण गर्मी को देखते हुए आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया।**

दलौदा-सीतामऊ मार्ग स्थित ग्राम लसूडावन में सेक्टर क्रमांक 3 धूधड़का अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा राहगीरों एवं वाहन चालकों की सुविधा के लिए निःशुल्क प्याऊ प्रारंभ किया गया। यह प्रमुख मार्ग होने के कारण यहां से गुजरने वाले सैकड़ों लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

परिषद के परामर्शदाता रघुवीर सिंह राठौर ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी में यात्रियों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है, जिससे राहगीरों को राहत मिल सके।

इसी क्रम में विकासखंड भानपुरा के सेक्टर नावली क्रमांक-1 अंतर्गत आदर्श ग्राम श्रीनगर में नवांकुर संस्था 'ग्राम उत्थान जन कल्याण सेवा संस्था' द्वारा जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम समन्वयक रामप्रसाद मीणा के मार्गदर्शन में आयोजित इस पहल के तहत ग्रामीणों को स्वच्छ जल के महत्व के प्रति जागरूक भी किया गया। साथ ही ग्राम करण्डिया में भी जल मंदिर प्याऊ की स्थापना कर ग्रामीणों एवं राहगीरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## दूसरों के कल्याण के लिए साधना करने वाला ही संत : साध्वी उपेन्द्रयशाश्री

**पिपलियामण्डी।** नगर के बही पार्श्वनाथ तीर्थ में चल रही नवपद ओली आराधना के पांचवें दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। सुबह से ही आराधक बड़ी संख्या में मंदिर परिसर में एकत्रित हुए और पूरे विधि-विधान के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।

इस अवसर पर साध्वी उपेन्द्रयशाश्री ने अपने प्रेरणादायी प्रवचन में साधु पद की महत्ता को विस्तार से समझाते हुए कहा कि जो व्यक्ति स्वयं के साथ-साथ दूसरों के कल्याण के लिए निरंतर साधना करता है, वही सच्चा साधु कहलाता है। उन्होंने कहा कि दर्शन, ज्ञान और चरित्र, इन तीनों के समन्वय से ही मोक्ष मार्ग प्रशस्त होता है और साधु उसी मार्ग के साधक होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि साधु समता के भंडार होते हैं, जो हर परिस्थिति में समान भाव रखते हैं। पंच परमेष्ठी में प्रवेश का प्रथम द्वार साधु ही हैं, क्योंकि साधु बने बिना कोई भी उपाध्याय या आचार्य नहीं बन सकता। साध्वीजी ने असहिष्णुता को आत्मा के पतन का मुख्य कारण बताते हुए कहा कि यह भाव अनादिकाल से मनुष्य को कष्ट और दुर्गति की ओर ले जाता रहा है, इसलिए सहनशीलता और समता को जीवन में अपनाना आवश्यक है। संघ अध्यक्ष अशोक कुमठ ने बताया कि प्रतिदिन आराधना की शुरुआत सभी आराधकों के सामूहिक पक्षाल से होती है, जिसके बाद मंदिर में केशर, पुष्प, धूप, दीप और अक्षत से विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की जाती है। इस दौरान वातावरण भक्ति और मंत्रोच्चार से गूंजता रहता है। प्रवचन के पश्चात मंदसौर के दिलीप डांगी परिवार की ओर से प्रभावना वितरित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। दोपहर में सिद्धचक्र महापूजन का भव्य आयोजन हुआ, जिसे विधिकारक अरुण आंचलिया (रेवास) ने विधिपूर्वक सम्पन्न कराया।

**एक नजर** मल्टी स्टोरी पार्किंग सहित होंगे सैकड़ों निर्माण कार्य

# पार्षद भारती पाटीदार ने नपा के बजट को बताया विकास को गति देने वाला

**मंदसौर। 30 मार्च को नगर पालिका परिषद की महत्वपूर्ण बैठक में लगभग 545 करोड़ रुपये के शहर के विकास को गति देने वाले बजट को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष रमा देवी जी गुर्जर, राजस्व सभापति कौशल्या जी बंधवार का बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित करती हूं कि अपने शहर के विकास को गति देने वाले बजट बनाया है।**

उक्त बात कहते हुए वार्ड 39 की पार्षद भारती पाटीदार ने बताया कि गीता भवन से लेकर शहर के मुख्य उद्यानों का सौंदर्य करण सिंहस्थ मद की योजना में लगभग 30 करोड़ का प्रावधान चौराहों का विकास म्यूजिकल फाउंटेन के तहत अमृत योजना 2 के अंतर्गत सिवरेज कार्य कलाभाटा डेम पर पिकनिक स्पॉट निर्माण हेतु बजट में लगभग 2 करोड़ का प्रावधान महिलाओं के लिए स्पेशल पिंक रेस्ट रूम जो शहर के पांच प्रमुख स्थानों पर रहेंगे।

### नगर पालिका परिषद ने सभी वर्ग का ध्यान रखा

पाटीदार ने बताया कि कायाकल्प अभियान के अंतर्गत शहर के विकास कार्य हेतु 30 करोड रुपए ऐसी कई महत्वपूर्ण शहर के विकास कार्य को गति देने के लिए बजट बनाया गया है भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व की नगर पालिका परिषद में प्रत्येक वर्ग का ध्यान रखते हुए यह बजट पेश किया है मैं वरिष्ठ नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित करती हूं।

बैठक में पाटीदार ने शहर विकास के कुछ सुझाव देते हुए बताया कि अमृत योजना के अंतर्गत जो वार्ड 39 में काम चल रहा है उसको लेकर ठेकेदार द्वारा जो अनियमितताएं बरती जा रही है उसमें हमको दूर करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष महोदय के नेतृत्व में पार्षदों की एक टीम बनाई जाए। जो निरंतर इस योजना का निरीक्षण करें। और काम कार्य गुणवत्ता पूर्वक हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। अधिकारियों के साथ पार्षदों को इस योजना में सम्मिलित करके क साप्ताहिक बैठक सुनिश्चित की जाए।

सिंहस्थ मद को देखते हुए पशुपतिनाथ लोक को लगभग 12 करोड़ 50 लाख की राशि प्राप्त हुई है उसकी कार्य योजना में पशुपतिनाथ मंदिर को और आकर्षक और सुंदर बनाकर वहां पर मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाया जाए पर्यटन क्षेत्र में अटल सागर बांध के क्षेत्र में आने वाली नगर पालिका की शासकीय भूमि को सुंदर बगीचों, वाटर पार्क रेस्टोरेंट, इनडोर आउटडोर गेम के साथ सुसज्जित किया जाए। एक मास्टर प्लान तैयार कर कर आवागमन को सुगम बनाया जाए। बाबा पशुपतिनाथ के दर्शन करने वाले आने वाले दर्शनार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करना प्राथमिकता हो। शिवना शुद्धिकरण के लिए कचरा साफ करने के लिए एक मोटर वोट खरीद कर लगातार निरंतर उस क्षेत्र में काम किया जाए।

## नीमच


## एक नजर में

### जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी विभाग कार्य योजना अनुसार अविलंब कार्य प्रारंभ करें : सीईओ वैष्णव



**नीमच।** जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन की सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में समीक्षा बैठक ली। बैठक में जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यात्रीकी, शिक्षा विभाग, वन विभाग, जन अभियान परिषद, उद्यानिकी कृषि, उद्योग, जिला शहरी विकास अभिकरण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अमले को निर्देशित किया, कि नीमच जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्य योजना अनुसार चिन्हित कार्यों को जन सहयोग से प्रारंभ कराए और जहां पर विभागीय बजट उपलब्ध है वह उन कार्यों को अविलंब प्रारंभ करें। जिले में पुराने वर्षों के कार्य 30 अप्रैल की समय सीमा में पूर्ण करवाए। इन कार्यो की प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी। सभी विभाग कार्ययोजना अनुसार क्रियान्वयन करें एवं रिपोर्टिंग करना सुनिश्चित करें। जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री वैष्णव ने बैठक में सभी विभागों एवं ग्रामीण विकास विभाग के अमले को निर्देशित किया, कि अच्छे कार्य और जन सहयोग सुनिश्चित करते हुए जन जागरूकता हेतु विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। जल गंगा संवर्धन अभियान की ग्रेडिंग के पैरामीटर अनुसार सभी बिंदुओं पर बैठक में चर्चा की गई और राज्य स्तरीय ग्रेडिंग अनुसार जिले में भी उपयंत्री की सेक्टरवार ग्रेडिंग करने के निर्देश, संबंधितों को दिए गए।

### शालाओं और आंगनवाड़ी केंद्रों को दिया जा रहा है पेयजल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण



**नीमच।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री दीपेश वास्पत ने बताया, कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले की शालाओं, आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को एफ.टी.के.कीट के माध्यम से पेयजल गुणवत्ता जांच के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। यह प्रशिक्षण विकासखण्ड नीमच, जावद एवं मनासा की शालाओं और आंगनवाड़ी केंद्रों में दिया जा रहा हैं। साथ ही विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों को एफ.टी.के.कीट भी प्रदान किए जा रहे हैं।

### महावीर जन्मकल्याणक पर 131 श्रद्धालुओं का संघ करेगा शत्रुंजय तीर्थ यात्रा के लिए प्रस्थान

**नीमच।** भगवान महावीर के जन्मकल्याणक के पावन अवसर पर आज नीमच नगरी एक बार पुनः धर्म, भक्ति एवं तप की दिव्य ऊर्जा से आलोकित होने जा रही है। जैन सोशल ग्रुप संस्कार एवं सहयोगी संस्था खरतरगछ युवा परिषद द्वारा संस्कार मित्रमण्डल, नीमच के तत्वावधान में आयोजित 4 दिवसीय श्री शत्रुंजय यात्रा आज सायं 6 बजे मीडिल स्कूल ग्राउंड, जैन भवन, नीमच से रूप से प्रस्थान करेगी। इस गौरवमयी यात्रा में 85 वर्षी तपस्वी सदस्यों की प्रेरणादायी उपस्थिति के साथ कुल 131 श्रद्धालुओं का विशाल संघ सम्मिलित हो रहा है, जो 3 बसों के माध्यम से पावन तीर्थ पालीताणा की ओर प्रस्थान करेगा।

# विधायक सखलेचा की पहल पर लगा प्रशिक्षण शिविर

- 'जहर मुक्त कृषि शिविर', 'रासायनिक खेती से गांवों में पहुंच रहा कैंसर और हार्ट अटैक, जैविक खेती अपनाएं'
- पद्मश्री सुभाष पालेकर, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार सहित कई नेता रहे मौजूद



**जावद।** आधुनिक कृषि में रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से मिट्टी की खत्म होती उर्वरता और मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहे इसके जानलेवा प्रभावों को लेकर प्रदेश सरकार अब गंभीर है। इसी कड़ी में नीमच जिले के जावद में एक अहम पहल करते हुए 'जहर मुक्त जीरो बजट कृषि प्रशिक्षण शिविर' का भव्य आयोजन किया गया। जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा के विशेष प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम में कृषि ऋषि के नाम से विख्यात और पद्मश्री से सम्मानित सुभाष पालेकर, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, पूर्व सांसद सुभाष पटेल, नीमच नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा सहित अनेक वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

**रासायनिक खेती से बंजर हो रही जमीन, बढ़ रही बीमारियां**

शिविर को संबोधित करते हुए और बाद में मीडिया से चर्चा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने रासायनिक खेती के गंभीर परिणामों पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा, 'हरित क्रांति के बाद से रासायनिक खादों का उपयोग बहुत बढ़ गया है। आज पंजाब जैसे राज्यों में इसके दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं, जहां जमीनें बंजर हो रही हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि जहां-जहां रासायनिक खाद और पेस्टिसाइड्स पहुंच रहे हैं, वहां बीमारियां पहुंच रही हैं। आज गांवों में ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां तेजी से फैल रही हैं, जो सीधे तौर पर हमारे खान-पान में घुले इसी रसायनों के जहर का नतीजा है।'

**'विधायक सखलेचा की पहल की सराहना, पालेकर को बताया 'प्रोफेसर'**

किसानों को जागरूक करने के लिए जावद में इस बड़े आयोजन की रूपरेखा तैयार करने वाले स्थानीय विधायक ओमप्रकाश सखलेचा के प्रयासों की मंच से सराहना की गई।

मंच पर मौजूद सुभाष पालेकर का सम्मान करते हुए विजयवर्गीय ने कहा, कि सुभाष पालेकर ने जीरो बजट खेती के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है, जिसके लिए प्रधानमंत्री जी ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया है। मैं इस विधा में उनका विद्यार्थी हूं और वे मेरे प्रोफेसर हैं।

**किसानों से खास अपील**

मंत्री ने किसानों से एक व्यावहारिक शुरुआत करने का आग्रह करते हुए कहा, 'मैं किसानों से यह नहीं कहता कि वे एकदम से पूरी खेती का तरीका बदल दें, लेकिन एक प्रयोग जरूर करें। जिस किसान के पास 5 बीघा जमीन है, वह कम से कम 1 बीघा जमीन पर प्राकृतिक (जैविक) खेती करके देखें।' उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार रासायनिक खादों पर हर साल करीब 2 लाख करोड़ रुपये की भारी-भरकम सब्सिडी देती है, लेकिन इस राशि का सीधा लाभ किसानों की जेब में जाने के बजाय, हमारी जमीन और सेहत को नुकसान पहुंचाने में लग रहा है।



# माताओं का बांटे बेबी किट

**नीमच।** महावीर इंटरनेशनल नारायणगढ़ केन्द्र द्वारा आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में रतलाम-नीमच जोन की चेयरपर्सन रेखा अनुराग जैन और सचिव संतरा विरवाल को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगढ़ में किया गया, जहां नवजात शिशुओं की माताओं को नवजात शिशुओं के लिए अपेक्स द्वारा प्रेषित हाइजैनिक बेबीकीट और फीडिंग बॉटल निःशुल्क वितरित किए गए।

इस अवसर पर रेखा अनुराग जैन ने अपने उद्बोधन में महावीर इंटरनेशनल की कार्यप्रणाली और सेवा गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।सेवा कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की सहायता करना ही महावीर इंटरनेशनल का मूल उद्देश्य हैं।इस प्रकार का प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान नारायणगढ़ केन्द्र द्वारा रेखा अनुराग जैन और संतरा विरवाल का सम्मान किया गया।साथ ही एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी सेवा कार्यो की रुपरेखा तैयार की और विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल नारायणगढ केन्द्र के अध्यक्ष नरेंद्र जैन, विमल विरवाल, रामचंद्र करुण, दिनेश दक, नेमिचंद डाका, चिकित्सालय के चिकित्सक और सहायक कर्मचारी उपस्थित हुए।

**एक नजर** प्रशासन से जन-समस्याओं के समाधान की मांग

# कमरतोड़ महंगाई और ओलावृष्टि के मुआवजे को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**नीमच। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों, कमरतोड़ महंगाई और किसानों की अनदेखी के खिलाफ आज जिला कांग्रेस कमेटी नीमच के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नीमच शहर, नीमच ग्रामीण एवं जीरन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।**




ज्ञापन में बिजली बिलो एवं गैस सिलेंडर के दाम की वृद्धि वापस लेने, ओलावृष्टि से हुए किसानों को नुकसान का मुआवजा प्रदान करने, सहकारी बैंक के कृषि ऋण जमा करने की समय सीमा बढ़ाई जाने, मनासा की खिमला स्थित ग्रीनको प्लांट के अव्यवस्थाओ एवं लगातार हो रही मजदूरों की मौत की जांच संबंधी, नीमच चीताखेड़ा मार्ग शीघ्र पूर्ण करने संबंधित मांगों को लेकर दिया गया।

जिला कांग्रेस तरुण बाहेती ने संबोधित करते हुए सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां केवल चंद पूंजीपतियों को लाभ पहुँचाने के लिए हैं. बाहेती ने कहा की बिजली बिलों में की गई बेतहाशा वृद्धि ने जनता की कमर तोड़ दी है, जिसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। एक तरफ गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल कीमतें आसमान छू रही हैं, दूसरी तरफ इनकी भारी किल्लत से जनता परेशान है। बाहेती ने कहा कि पालसोड़ा भंवरासा क्षेत्र में ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा वितरण अभी तक शुरू नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही उन्होंने मनासा के खिमला स्थित ग्रीनको प्लांट में मजदूरों की मौतों पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मांग की कि वहां व्याप्त अव्यवस्थाओं की निष्पक्ष जांच हो और मृतक श्रमिकों के परिवारों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए एवं नीमच चीताखेड़ा जीरन मार्ग सड़क मार्ग निर्माण जल्दी शुरू किया जाए। कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल चौरसिया ने भी संबोधित किया।